सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-102
23/02/2018

मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के जापान दौरे से पटना लौटने पर किया गया भव्य स्वागत

पटना, 23 फरवरी 2018 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जापान दौरे के बाद आज अपराह्न पटना लौट आए। पटना एयरपोर्ट पर राज्य सरकार के मंत्रीगण, पार्टी नेताओं एवं कार्यक्रताओं ने मुख्यमंत्री का गाजे–बाजे के साथ भव्य स्वागत किया। पटना एयरपोर्ट पर संसदीय कार्य मंत्री श्री श्रवण कुमार, शिक्षा एवं विधि मंत्री श्री कृष्णनंदन प्रसाद वर्मा, गन्ना उद्योग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग मंत्री श्री खुर्शीद आलम, सहकारिता मंत्री श्री राणा रणधीर सिंह, विधायक श्री ज्ञानेंद्र सिंह ज्ञानू, विधान पार्षद श्री संजय सिंह उर्फ गाँधी जी, विधान पार्षद श्री विजय मिश्र, विधान पार्षद श्री चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी, विधान पार्षद श्री नीरज कुमार, सदस्य राज्य खाद्य निगम श्री नंद किशोर कुशवाहा, जेडीयू प्रवक्ता श्री राजीव रंजन, जदयू नेता श्री छोटू सिंह सहित एन0डी0ए0 गठबंधन के कई नेताओं ने मुख्यमंत्री को गुलदस्ता भेंट कर उनकी आगवानी की।

******